भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

[वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित]

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग, तिरुवनंतपुरम - 695 547

सत्यमेव जयते

शैक्षिक वर्ष 2018 -2019 के एम. टेक. एवं विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था के रूप में वर्ष 2007 में स्थापित किया गया है। आईआईएसटी का लक्ष्य है (क) प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित करना, (ख) उच्च शैक्षिक मानकों को सुनिश्चित करनेवाली प्रणाली स्थापित करना, (ग) अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े हुए क्षेत्रों एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में नवप्रवर्तनकारी अनुसंधान को सक्रियता से प्रोत्साहित करना ।

संस्थान के शैक्षिक वर्ष 2018- 19 के निम्नलिखित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । प्रत्येक कार्यक्रम में कुल 6 (छह) रिक्तियाँ होंगी ।

कार्यक्रम कोड	विभाग	कार्यक्रम का नाम एवं प्रवर्ग	शैक्षिक योग्यता
एम. टेक. कार्यक्रम			
MAE 01	वांतरिक्ष इंजीनियरी	ऊष्मीय एवं नोदन	(i) वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी में बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी या यांत्रिक इंजीनियरी या रासायनिक इंजीनियरी या XE पेपरों में वैध गेट स्कोर
MAE 02		वायुगतिकी एवं उड़ान यांत्रिकी	
MAE 03		संरचनाएँ एवं अभिकल्प	(i) वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी या उत्पादन इंजीनियरी में बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी या यांत्रिक इंजीनियरी या सिविल इंजीनियरी या XE पेपरों में वैध गेट स्कोर
MAV 01	एविओनिकी	आर एफ़ एवं सूक्ष्मतरंग इंजीनियरी	(i) एविओनिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी में बी. ई. / बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर
MAV 02		अंकीय संकेत संसाधन	(i) एविओनिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / दूरसंचार / विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी/ विद्युत इंजीनियरी में बी. ई./ बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर
MAV 03		वीएलएसआई एवं सूक्ष्मतंत्र	(i) एविओनिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / विद्युत इंजीनियरी में बी. ई. /बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर
MAV 04		नियंत्रण तंत्र	(i) एविओनिकी /विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार

			/ इलेक्ट्रोनिकी एवं यंत्रीकरण / यंत्रीकरण एवं नियंत्रण इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं विद्युत इंजीनियरी में बी. ई. /बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर
MAV 05		शक्ति इलेक्ट्रोनिकी	(i) एविओनिकी/विद्युत इंजीनियरी/ विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं यंत्रीकरण इंजीनियरी / यंत्रीकरण एवं नियंत्रण इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं विद्युत इंजीनियरी में बी. ई. /बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर
MMA 01	गणित	यंत्र आधिगम एवं अभिकलन	(i) गणित / सांख्यिकी / कंप्यूटर विज्ञान/ गणित एवं अभिकलन में एम. एससी. या (ii) एविओनिकी/ कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी / विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी / सूचना प्रौद्योगिकी/ में बी.ई / बी. टेक या समतुल्य उपाधि (ii) गणित / सांख्यिकी / कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट / जेस्ट स्कोर
MCH 01	रसायन	पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	(i) बहुलक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी / रासायनिक इंजीनियरी / रबड़ प्रौद्योगिकी / धातुकर्म इंजीनियरी/ पदार्थ विज्ञान / पदार्थ विज्ञान एवं धातुकर्म इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / उत्पादन एवं उद्योग इंजीनियरी में बी. ई. / बी. टेक या समतुल्य उपाधि या रसायन (सभी शाखाएँ) /भौतिकी / पदार्थ विज्ञान / नैनोविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम. एससी. / एम. एस. (ii) इंजीनियरी विज्ञानों / रासायनिक इंजीनियरी / धातुकर्म इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / उत्पादन एवं उद्योग इंजीनियरी / रसायन / भौतिकी में वैध गेट स्कोर
MPH 01	भौतिकी	प्रकाशिक इंजीनियरी	(i) वांतरिक्ष इंजीनियरी / एविओनिकी/ इलेक्ट्रोनिकी / विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / इंजीनियरी भौतिकी/ भौतिक विज्ञान में बी. ई. / बी. टेक. या समतुल्य उपाधि। या भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी में एम. एससी., एम. एस., बी. एस.-एम.एस, या समतुल्य उपाधि। (ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / विद्युत / यांत्रिक इंजीनियरी /

			भौतिकी में वैध गेट स्कोर
MPH 02		ठोस अवस्था प्रौद्योगिकी	i) एविओनिकी/ इलेक्ट्रोनिकी / विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / इंजीनियरी भौतिकी/ भौतिक विज्ञानों में बी. ई. / बी. टेक. या समतुल्य उपाधि। या भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी में एम. एससी., एम. एस., बी. एस.-एम.एस या समतुल्य उपाधि। (ii) भौतिकी में वैध गेट / जेस्ट स्कोर
MES01	पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान	पृथ्वी तंत्र विज्ञान	i) वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी, एविओनिकी, इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिकी एवं विद्युत इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिकी एवं यंत्रीकरण इंजीनियरी, यंत्रीकरण एवं नियंत्रण इंजीनियरी, भौतिक विज्ञान, कृषि इंजीनियरी, इंजीनियरी विज्ञान, यंत्रीकरण इंजीनियरी, इंजीनियरी भौतिकी में बी ई./ बी. टेक या समतुल्य उपाधि। या भौतिकी/ गणित में एम.एससी. (ii) वांतरिक्ष इंजीनियरी / सिविल इंजीनियरी / रासायनिक इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञानों / कृषि इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / भौतिकी/ गणित में वैध गेट स्कोर *टिप्पणी: एम.एससी उपाधि धारण करने वाले उम्मीदवार बी. एस सी. स्तर पर भौतिकी, गणित अनिवार्य रूप से पढ़ा हो । इंजीनियरी के अन्य शाखाओं मे बी. टेक. या बी. ई. उपाधि धारण करने वाले उम्मीदवारों पर तभी विचार किया जाएगा जब उन्हें वायुमंडलीय एवं समुद्र विज्ञान / मौसम विज्ञान / भू विज्ञान / सुदूर संवेदन आदि से संबधित क्षेत्रों में उचित अनुभव हो ।*
MES02		भू सूचनाविज्ञान	(i) कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरी / सूचना प्रौद्योगिकी / विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / सिविल / एविओनिकी / भौतिक विज्ञान / इंजीनियरी विज्ञानों / भू सूचना विज्ञान / कृषि इंजीनियरी में बी. ई. / बी. टेक या समतुल्य उपाधि या गणित / भौतिकी में एम. एससी. (ii) कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी / विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / सिविल इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञानों / कृषि इंजीनियरी / गणित / भौतिकी में वैध गेट स्कोर

एम. एस. कार्यक्रम			
MES 03	पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान	खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी	(i) वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी, एविओनिकी, इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिकी एवं विद्युत इंजीनियरी, विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिकी एवं यंत्रीकरण इंजीनियरी, यंत्रीकरण एवं नियंत्रण इंजीनियरी, भौतिक विज्ञान, इंजीनियरी विज्ञान, यंत्रीकरण इंजीनियरी, इंजीनियरी भौतिकी, इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी में बी. ई. / बी. टेक. या समतुल्य उपाधि या भौतिकी, अंतरिक्ष भौतिकी, अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में विज्ञान निष्णात / एम.एससी. (ii) निम्मलिखित में किसी एक में वैध स्कोर : (क) इन विषयों में से किसी एक में गेट : भौतिकी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी / इंजीनियरी विज्ञान (ख) भौतिकी में संयुक्त प्रवेश छान बीन परीक्षा (जेस्ट) (ग) यू.जी.सी. नेट (भौतिक विज्ञान)

टिप्पणी :- यदि उम्मीदवार एक से अधिक क्षेत्रों में आवेदन देने के पात्र हैं तथा देना चाहते हैं तो उन्हें संबंधित विभागों के लिए अलग आवेदन शुल्क देना चाहिए।

1. **आयु सीमा :- 30.04.2018 के अनुसार 32 वर्ष** । अ.जा. / अ.ज.जा / अंपग व्यक्ति (अं. व्य.) वर्ग के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट है। **अन्य पिछडे वर्ग एवं महिला उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में कोई छूट नहीं होगी।**
2. **शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता :-** सामान्य एवं अन्य पिछडे वर्ग के लिए न्यूनतम 60% अंक या 10 में से 6.5 सीजीपीए और अ.जा. / अ.ज.जा / अंपग व्यक्ति (अं. व्य.) वर्ग के लिए न्यूनतम 55% अंक या 10 में से 6.0 सीजीपीए के साथ बी. ई. / बी. टेक./ विज्ञान निष्णात या समतुल्य उपाधि । ऊपर के विनिर्देशों के अनुसार संबंधित क्षेत्र में यथास्थिति गेट/ जेस्ट/ यूजीसी नेट में वैध गेट स्कोर अनिवार्य हैं।

<u>सामान्य शर्ते :-</u>

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन देने के लिए पात्र है ।
2. ऑनलाइन द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही किसी भी स्थिति में संसाधन के लिए विचार किया जाएगा ।
3. आवेदक को एक बार प्रस्तुत प्रोफाइल पंजीकरण पर कोई भी परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अत: आवेदक को प्रोफाइल भरते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए।
4. जो आवेदक एक से अधिक कार्यक्रमों में आवेदन देना चाहते हैं, उन्हें वरीयता के आधार पर अपने पसंदीदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम आवेदन देते वक्त ही अंकित करना होगा। एक बार दिया गया विकल्प अंतिम माना जाएगा।
5. अ. जा. / अ. ज. जा. / अ. पि. व. (नॉन क्रीमी लेयर) अपंग व्यक्ति (अ. व्य.) / उम्मीदवारों को निर्धारित तारीख से पहले संगत प्रमाण पत्र अपलॉड करना होगा ।

6. अ. जा. / अ. ज. जा. / अ. पि. व. / अपंग व्यक्ति के मामले में ऑनलाइन द्वारा ऊपर बताए गए प्रमाण की प्राप्ति के बाद ही आवेदनों का संसाधन किया जाएगा । दूसरे शब्दों में, ऑनलाईन द्वारा प्रमाण प्रस्तुत न करने पर आवेदन रद्द किया जाएगा ।

7. अ. जा. / अ. ज. जा. / अ. पि. व. / अपंग व्यक्ति के सीटों का आरक्षण भारत सरकार के आदेशों के अनुसार लागू होगा।

8. अनुसूचित जनजाति के सीटें यदि रिक्त हो तो उसे अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों से भरा जाएगा।

9. प्रत्येक विभाग के लिए आवेदन शुल्क रुपये 600/- है । (अ. ज. / अ. ज. जा. / अ. व्य एवं महिला उम्मीदवारों के लिए रुपये 300/- प्रति विभाग)

10. **आवेदन शुल्क का भुगतान पंजीकरण के दो दिन के बाद केवल 'SBI Collect' द्वारा ही किया जाना चाहिए ।**

11. **आवेदन शुल्क प्रतिदेय नहीं है।**

12. **वांतरिक्ष इंजीनियरी एवं एविओनिकी विभागों द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए, उम्मीदवारों को वैध गेट स्कोर के आधार पर लघुसूचित किया जाएगा। लघु रैंक सूची प्रकाशित की जाएगी और उम्मीदवार को निर्धारित तिथि के अंदर सत्रक शुल्क ऑनलाइन (SBI Collect') प्रेषित करना होगा।**

13. **अगर लघु रैंक सूची के उम्मीदवार निर्धारित तारीख के अंदर शुल्क प्रेषित करने में विफल रहे, तो सीट रैंक सूची के अगले उम्मीदवार को आबंटित की जाएगी ।**

14. यदि उम्मीदवार कक्षा के शुरू होने से पहले वापस जाना चाहता हो, तो academics@iist.ac.in को अनुरोध भेजने पर यूजीसी दिशानिर्देशों के अनुसार शुल्क वापस की जाएगी ।

15. रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित और भौतिकी विभागों के एम. टेक. / विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लघु सूचित उम्मीदवारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे यथास्थिति लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार दें।

16. लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए टी.ए./ डी. ए. नहीं दिया जाएगा। लघुसूचित उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे तिरुवनंतपुरम में आयोजित लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में बैठने के लिए यात्रा और आवास की व्यवस्था स्वयं करें।

17. रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित एवं भौतिकी विभागों के लघु सूचित उम्मीदवारों की सूची आईआईएसटी वेबसाइट में प्रदर्शित की जाएगी। लघुसूचित उम्मीदवार वेबासाइट से अपने कॉल लेटर डॉउनलोड करें।

18. **शैक्षिक वर्ष 2017-2018 में जो उम्मीदवार स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने की उम्मीद रखते हैं वे भी इसमें आवेदन करने के लिए पात्र हैं, बशर्ते कि वे अनंतिम / उपाधि प्रमाण पत्र के साथ समेकित अंक तालिका / सभी सत्रकों की अंक तालिका अक्तूबर 31, 2018 को या उससे पहले प्रस्तुत करें। उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की तारीख तक प्रवेश अंनतिम माना जाएगा और जिन छात्रों ने उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, वे छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होगें। साथ में जो छात्र अक्तूबर 31, 2018 को 17.00 घंटे से पहले उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं उनको अयोग्य माना जाएगा और ऐसे छात्र आईआईएसटी में आगे पढाई जारी रखने के लिए पात्र नहीं होगे। अक्तूबर 31, 2018 को या उससे पहले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही छात्र वृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति, कक्षा प्रारंभ होने की तारीख या पाठ्यक्रम में प्रवेश करने की तारीखों में जो परवर्ती हो, उस तारिख से प्रभावी होगी ।**

19. **जिन छात्रों ने 2017-18 से पहले अपना स्नातक कार्यक्रम पूरा किया है, उन्हें प्रवेश के समय सभी मूल प्रमाणपत्र और टीसी प्रस्तुत करनी होगी ।**

20. जिन एम टेक छात्रों के पास वैध गेट स्कोर है, वे एआईसीटीई के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त करेंगे ।

21. विज्ञान निष्णात कार्यक्रम के लिए चयनित छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान आईआईएसटी द्वारा किया जाएगा ।

22. जो उम्मीदवार सरकारी/ अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक उपक्रम/ स्वायत्त निकाय / आदि में नियुक्त हैं, उनको साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.)" प्रस्तुत करना होगा।

23. एम. टेक/ विज्ञान निष्णात छात्रों को आवश्यकतानुसार अपने विभाग के शैक्षिक कार्यक्रमों में मदद करनी होगी ।

24. जिन छात्रों का चयन किया जाता है, उन्हें तुरंत पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। इन छात्रों के लिए कक्षाएं संभवत: जुलाई 23, 2018 से शुरु होगी।

25. स्नातकोत्तर कार्यक्रम में अगर खाली सीटें हो तो आईआईएसटी में "स्पॉट एडमिशन" आयोजित किया जाएगा। स्पॉट एडमिशन की तारीख की सूचना 1 अगस्त 2018 को हमारी वेबसाइट में दी जाएगी।

महत्वपूर्ण तारीखें

क्र.सं	घटना	तारीख
1.	आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट खुलने की तारीख	अप्रैल 13, 2018 16.00 घंटे (शुक्रवार)
2.	आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण समाप्त होने की तारीख	अप्रैल 30, 2018 23.59 hrs (सोमवार)
3.	आवेदन शुल्क के भुगतान करने की अंतिम तारीख	मई 02, 2018 (बुधवार)
4.	लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित एवं भौतिकी विभागों के उम्मीदवारों की लघुसूची का प्रदर्शन	मई 11, 2018 (शुक्रवार)*
5.	वांतरिक्ष इंजीनियरी एवं एवियोनिकी विभागों लघु रैंक सूची का प्रदर्शन	
6.	वांतरिक्ष इंजीनियरी एवं एवियोनिकी विभागों के शुल्क प्रेषित करने की अंतिम तारीख	मई 16, 2018 (बुधवार)
7.	रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित एवं भौतिकी विभागों के उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा / साक्षात्कार	जून 04 - 05, 2018
8.	रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित एवं भौतिकी विभागों के अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची का प्रदर्शन	जून 08, 2018 (शुक्रवार)
9.	रसायन, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित एवं भौतिकी विभागों के शुल्क प्रेषित करने की अंतिम तारीख	जून 13, 2018 (बुधवार)*
10.	संस्थान में रिपोर्ट करने की तारीख	जुलाई 21, 2018 (शनिवार)
11.	सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए कक्षाएँ शुरु होने की तारीख	जुलाई 23, 2018 (सोमवार)
12.	स्नातकोत्तर प्रवेश समाप्त होने की तारीख	अगस्त 06, 2018 (सोमवार)

* रिक्ति है तो प्रत्येक शुक्रवार को शाम के 05.00 बजे प्रतीक्षा सूची का अद्यतन किया जाएगा और उम्मीदवारों को अगले बुधवार तक निर्धारित शुल्क प्रेषित करनी होगी।

उम्मीदवार के उच्चतम वरीयता का आबंटन होने पर यदि उसने शुल्क प्रेषित करने में चूक की तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी।

यदि उम्मीदवार को अपनी निम्नतर वरीयता आबंटित करने पर उसने शुल्क प्रेषित नहीं की तो भी उसकी उच्चतर वरीयताओं पर विचार किया जाएगा।